देशवासियों को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच.

गाजियाबाद व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली। शनिवार 12 अक्टूबर-2024 | वर्ष : 8 अंक : 365 पेज-14 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





नई दिल्ली। शनिवार 12 अक्टूबर-2024
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

## मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग




























दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# दिल्ली में सियासी हलचल हुई हाई और सांसद अतुल गर्ग ने कार दिल्ली की ओर मुड़वाई

## सियासी गलियारों में चर्चा हुई तेज फाइनल हो गया है विधानसभा वाला फेस

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा गढ़ यानि गाजियाबाद में अब सियासी पार हाई होगा। चुनाव की बेला नजदीक आ रही है और ऐसे में अब मोबाइल फोन की लोकेशन सीधे इलेक्शन से कनेक्ट होगी। शुक्रवार को जब लोग अष्टमी और नवमी पूजन कर रहे थे तब दिल्ली में भगवा गलियारों में सियासी हलचल तेज हुई और दिल्ली की हलचल का इफैक्ट गाजियाबाद में दिखाई दिया। इस चर्चा को बल तब मिला जब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का रथ तेजी से दिल्ली की ओर जाता दिखाई दिया।

सूत्र बताते हैं कि ये पूरा घटनाक्रम तेजी से घटा और जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक कार पूरी रफ्तार से दिल्ली की सीमा में एंटर हो गई। आसपास वाले सूत्र बता रहे हैं कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को शुक्रवार को गाजियाबाद में कई कार्यक्रमों में शामिल होना था अचाक अतुल गर्ग के मोबाइल फोन पर घंटी बजी और उन्होंने फोन उठाया। बताने वाले बता रहे हैं कि फोन आने के बाद सांसद की टोन चेंज हो गई और उन्होंने तुरंत वाहन चालक को दिल्ली की ओर चलने का आदेश दिया। अब अचानक से दिल्ली से फोन का आना और सांसद का तुरंत ही दिल्ली की ओर कूच कर जाना इस बात के संकेत दे रहा है कि दिल्ली वाले दरबार में गाजियाबाद वाले टिकट पर विचार हुआ है।

राजनीति में पर्चा भरना अहम बात है और पर्चा कौन भरेगा इसकी चर्चा होती है और ये दो चीजें तय करती है कि चुनाव में खर्चा करने का सौभाग्य किसे मिलेगा। वैसे भी अब पर्दा उठने में कोई ज्यादा देर नहीं रह गई है। बहरहाल जब सांसद अतुल गर्ग ने दिल्ली वाले फोन के बाद तुरंत ही सारे कार्यक्रम निरस्त किये और दिल्ली की ओर कूच किया तो ये चर्चा शुरू हो गई कि ये दिल्ली मार्च ऐसे ही नहीं हुआ और किसी की उम्मीदों की टॉर्च जल गई है।



दैनिक करंट क्राइम ने जब इस मामले में दिल्ली से लेकर लखनऊ तक के सूत्रों को टटोला तो पता चला कि ये फोन प्रदेश के बड़े संगठन पदाधिकारी का था और सीन में 3+1+1 चेहरों वाला ट्विस्ट आ गया है। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही बताया था कि पांच नाम शॉर्टलिस्ट होकर दिल्ली पहुंचे हैं। सांसद का बुलावा आना सीधे-सीधे इलेक्शन टच वाला मामला है क्योंकि अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं उनकी संस्तुति पर बहुत कुछ निर्भर है। चुनाव भी उसकी विधानसभा में हो रहा है जो सीट अतुल गर्ग लगातार दो बार जीती है और लोकसभा सांसद बनने के बाद ये सीट खाली हुई है। ऐसे में अतुल गर्ग ये चाहेंगे कि इस सीट पर भाजपा का कमल तीसरी बार भी एक बड़े वोटों के अंतराल से खिले। वो किसी ना किसी चेहरे के नाम पर संस्तुति देंगे। किसी की प्रशंसा करेंगे और यहां पर सांसद की राय पूरे चुनाव की धुरी को बदल देगी। बहरहाल दिल्ली वाली मुलाकात का राज भी जल्द सामने आ जाएगा। तमाम भंडारा आयोजक तक सांसद की अचानक दिल्ली पहुंचने का संदेश दोपहर भेज दिया गया था।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के खाते में आया उपलब्धियों का एक और मेडल

## राष्ट्रपति के साथ विदेश यात्रा पर जाने वाले तीन सांसदों में अतुल गर्ग का नाम भी हो गया फाइनल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों सियासी पिच पर ताबड़तोड़ बैटिंग कर रहे हैं। वो लोकसभा सांसद हैं और उन्होंने संगठन का दिल जीता है। संगठन वाले उन्हें लगातार दायित्व दे रहे हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि संगठन ने उनका कद राष्ट्रीय कर दिया है और अब ये कदम अंतर्राष्ट्रीय की ओर बढ़ रहे हैं। अतुल गर्ग को चंडीगढ़ का प्रभारी बनाया गया उन्हें बिहार की जिम्मेदारी दी गई इसके बाद अतुल गर्ग को भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा वाली समितियों में लिया गया है। बड़ी बात ये है कि इस कमेटी का पद ही इतना बड़ा है कि इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित चार लोग हैं और इन चार लोगों में एक सदस्य अतुल गर्ग हैं।



एक बार फिर संगठन ने और सरकार ने अतुल गर्ग का कद बढ़ाया है उनके हिस्से में एक और बड़ी उपलब्धि आई है। अतुल गर्ग अब राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ विदेशी राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मधुर करेंगे। वो देश के उन तीन सांसदों में चुने गए हैं जो विदेशी दौरे पर महामहिम राष्ट्रपति के साथ जा रहे हैं ये एक बड़ी उपलब्धि है। जब गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग देश के चुनिंदा तीन सांसदों में शामिल हुए हैं।

ये तीनों सांसद राष्ट्रपति के साथ तीन देशों की यात्रा करेंगे। अतुल गर्ग का निश्चित रूप से कद बढ़ा है और वो अब सरकार की कसौटी पर उस मानक पर खरे उतरे हैं जहां तीन सांसदों को इस लायक माना गया है कि वो अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपने देश की बात को बेहद संतुलित तरीके से रखेंगे।

### 13 अक्टूबर को तीन देशों की यात्रा पर रवाना होंगे अतुल गर्ग

लोकसभा सांसद अतुल गर्ग राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ 13 अक्टूबर को तीन देशों की यात्रा के लिये उड़ान भरेंगे। यह राजकीय यात्रा है और इसमें तीन सांसद शामिल होंगे जिनमें एक सांसद गुजरात से निर्विरोध चुने गए सांसद हैं, एक सांसद केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री हैं और तीसरे गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हैं। राष्ट्रपति के साथ यह सांसद दल अल्जीरिया, मालदीव सहित तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे। यह छह दिन की यात्रा होगी। यह दल इन देशों में भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंध सुधारने के लिए जा रहा है। 13 अक्टूबर की सुबह यह दल भारत से रवाना होगा और 19 अक्टूबर की रात को राष्ट्रपति के साथ यह सांसद वापस अपने देश लौटेंगे।

# गन्ना समिति चुनाव में भाजपा ने रच दिया इतिहास

## जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान के नेतृत्व में सभी सदस्य निर्विरोध निर्वाचित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गन्ना समिति के चुनाव में भाजपा की बादशाहत कायम रही है। गन्ना समिति चुनाव में मोदीनगर पर भाजपा के सभी प्रत्याशी डायरेक्टर पर निर्विरोध चुने गए हैं। बड़ी बात ये है कि इस बड़ी और निर्विरोध जीत की भूमिका भाजपा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान के कुशल नेतृत्व में बनाई गई थी। ये चुनाव लगातार तीस दिन से चल रहा था इसकी तैयारियां चल रही थीं और गुरुवार को गन्ना समिति के इस चुनाव के लिये नामांकन हुआ था और शुक्रवार को सहकारी गन्ना विकास समिति मोदीनगर से डायरेक्टर पद पर सभी नौ भाजपाई उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीत गए। अब सहकारी गन्ना विकास समिति के चेयरमैन पद के लिये नामांकन होगा। जो सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं उनमें उत्तम त्यागी, राजकुमार और पामेश सामान्य वर्ग से हैं। महिला सीट से प्रियंका निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। वहीं सामान्य वर्ग से बबलू और सत्यवीर चुने गए हैं। महिला वर्ग से राजवती और ओबीसी से ओमकारी का नाम है। अब 17 अक्टूबर को सहकारी गन्ना विकास समिति के चेयरमैन का चुनाव यही नौ डायरेक्टर करेंगे। इस चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो गया है।

बताया जाता है कि चेयरमैन पद के लिये जलालाबाद सर्किल के राजकुमार का नाम चल रहा है और राजकुमार राजन ही सहकारी गन्ना विकास समिति के चेयरमैन होंगे। क्योंकि यहां चुनौती जैसा कुछ नहीं है। 9 वोट हैं और यही 9 डायरेक्टर भाजपा के हैं। भाजपा ने यहां पूरी तरह से मैदान अपने नाम किया है। भाजपा के जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान की कप्तान में ये मैच 9-0 से जीत लिया है।

### दशानंद दहन के अगले दिन हो सकती है शहर में चुनाव की अधिसूचना जारी

# 15 अक्टूबर को हो सकता है घोषित भाजपा उम्मीदवार का नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव की घड़ियां नजदीक आ रही है। अब दावेदारी के सारे समीकरण समझाए जा चुके हैं।

**अधिसूचना**

दावेदारी के सारे दांवपेंच खेले जा चुके हैं और अब उम्मीदवारी की बेला आ रही है। उम्मीदवार से पहले चुनाव अधिसूचना जारी होगी। चुनाव आयोग शहर विधानसभा सीट सहित दस विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा करेगा और चुनाव आयोग की घोषणा के बाद सभी राजनीतिक दल अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा करेंगे। सभी की निगाहें चुनाव आयोग के आदेश पर है।

सूत्र बताते हैं कि अब चुनाव नजदीक आ रहा है और दशानंद दहन के बाद यानी 12 अक्टूबर के बाद कभी भी चुनाव आयोग अधिसूचना जारी करेगा। 13 अक्टूबर को भी घोषणा हो सकती है और 14 अक्टूबर को भी घोषणा हो सकती है। विधानसभा अधिसूचना में चुनाव की तिथि, नामांकन की तिथि, मतदान की तिथि सभी कुछ शामिल होगा। वहीं सूत्र बताते हैं कि यहां भाजपा शहर विधानसभा सीट पर अपना उम्मीदवार घोषित करेगी और 15 अक्टूबर को भाजपा उम्मीदवार का नाम घोषित हो सकता है। चुनावी तैयारी सभी दलों में शुरू हो गई है और अब अधिसूचना की घड़ियां नजदीक आ गई।

# शांति के साथ बीता शुक्रवार, पर 13 अक्टूबर की महापंचायत को लेकर लगातार जारी है घमासान





## कमिश्नरेट के तीनों जोन में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में फ्राइडे अलर्ट देखने को मिला है। सुबह से ही प्रत्येक थानाक्षेत्र में पुलिस सुरक्षा बलों के साथ मुस्तैदी नजर आई।

कई थानाक्षेत्र में पुलिस ने पैदल गश्त निकली तो वहीं दोपहर में नमाज के समय मस्जिदों के आसपास और मुस्लिम इलाकों में पुलिस ने ड्रोन और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निगरानी रखने का काम किया। तो वहीं देर रात तक रामलीला मैदान और मेलों एक के आयोजनों में भी पुलिस की मौजूदगी देखने को मिली है।

उधर 13 अक्टूबर को डासना में होने वाली महापंचायत को लेकर लगातार घमासान वाली स्थिति बनी हुई है। पुलिस-प्रशासन जहां इसको आयोजन करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। तो वहीं हिंदू संगठन ने कहा है कि मंदिर में उन्हें एकत्रित होने से कोई रोक नहीं सकता है। इस मामले में पुलिस ने धारा-163 पूर्व की धारा-144 का हवाला दिया है। तो वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने स्पष्ट कर दिया है कि वह महापंचायत में शामिल होने के लिए जाएंगे वहां हिंदू समाज और साधु संत समाज का स्वागत भी करेंगे।

### डॉ. उदिता त्यागी बोलीं कई जिलों से मिल रहा है समर्थन, महापंचायत महाराज जी के सम्मान में होगी

करंट क्राइम : यति महाराज के शिव शक्ति डासना धाम से जुड़ी उदिता त्यागी ने कहा है कि शिव शक्ति धाम डासना की महापंचायत के लिए हिंदू संगठन ने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। पुलिस प्रशासन और नेताओं के व्यवहार से हिंदू समाज आक्रोषित है। उन्होंने जानकारी दी है कि 13 तारीख को होने वाली डासना में हिंदू महापंचायत को लेकर गाजियाबाद के साथ ही गौतमबुद्धनगर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर और बुलंदशहर सहित कई जनपदों से लगातार हिंदू संगठन अपना समर्थन दे रहे हैं। साथ ही इस मामले में गाजियाबाद के कई अन्य संगठन भी सामने आ गए हैं। उधर दूधेश्वर सेना के यतेंद्र नागर ने इस पूरे मामले में समर्थन किया है। तो वही सत्यम पंडित ने भी हिंदू महापंचायत के लिए समर्थन जारी किया है। डा. उदिता त्यागी ने कहा है कि जिस तरीके से इस पूरे मामले को लेकर पुलिस प्रशासन हिंदूवादी संगठनों पर दबाव बना रहा है यह है उचित नहीं है। लगातार इस पूरे मामले में मुकदमे लिखें जा रहे हैं ।



### लोनी विधायक नंदकिशोर ने जारी किया वीडियो, कहा संत समाज का स्वागत करने अवश्य पहुंचेंगे डासना



करंट क्राइम : लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने शुक्रवार की रात फिर एक वीडियो जारी किया है। नंद किशोर गुर्जर ने कहा है कि जिस तरीके से पुलिस इस पूरे मामले में सख्त रूख अपना रही है यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि वह डासना में होने वाली महापंचायत में हिंदू समाज के साधु संतों का स्वागत करने के लिए अवश्य जाएंगे। उनके पास कई संगठनों के फोन आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि महापंचायत के लिए उनको भी कई लोगों ने बुलाया है और वह यहां जाकर एकता का संदेश देंगे।



### महापंचायत की नहीं है अनुमति, पुलिस रहेगी तैनात : डीसीपी ग्रामीण

करंट क्राइम : ग्रामीण जोन के डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है कि 13 अक्टूबर को डासना में महापंचायत करने की अनुमति नहीं है। यहां पुलिस बल तैनात किया जाएगा। किसी प्रकार से माहौल नहीं खराब होने दिया जाएगा। महापंचायत को लेकर सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

# कवि नगर रामलीला में गणमान्यों का ललित जायसवाल ने किया सम्मान
















## संपादकीय

# स्वास्थ्य : एक महत्वपूर्ण मुद्दा

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से स्वास्थ्य का मुद्दा बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए स्वास्थ्य के विषय को कतई हल्के से नहीं लिया जा सकता है। भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में निवेश अभी भी बहुत अधिक नहीं हो रहा है। यही वजह है कि हाल-फिलहाल में भारत की स्वास्थ्य नीति में यह ऐसा मुद्दा बनकर उभरा है, जिस पर सबसे अधिक ध्यान दिया गया है। पिछले दिनों केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (एनएचए) अनुमान जारी किए हैं। अनुमानों के मुताबिक सकल घरेलू उत्पाद में स्वास्थ्य में सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 1.13 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 1.84 प्रतिशत हो गई। जबकि सामान्य सरकारी व्यय की हिस्सेदारी वर्ष 2014-15 के 3.94 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2021-22 में 6.12 प्रतिशत हो गई। यह वृद्धि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता (विशेष रूप से कोविड-19 महामारी की प्रतिक्रिया में) को दर्शाती है। सरकारी स्वास्थ्य खर्च के जो आंकड़े जारी किए गए हैं, वो बताते हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश बढ़ाया गया है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि इस दौरान सरकारी स्वास्थ्य खर्च (जीएचई) 28.6 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। जीएचई का लगातार बढ़ना भारत की स्वास्थ्य नीति के लिहाज से उपलब्धि है। गौरतलब है कि सरकारों की तरफ से स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जो भी खर्च किया जाता है, उसका लगभग दो-तिहाई हिस्सा राज्य सरकारों द्वारा और एक-तिहाई हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है। बढ़ते सरकारी स्वास्थ्य व्यय, कम होते जेब खर्च और बढ़ते सामाजिक सुरक्षा व्यय जैसे प्रमुख संकेतक एक लचीली और समावेशी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का संकेत देते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को लगातार सुधारना है, तो स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता एवं लोगों के लिए आवास उपलब्ध कराने पर ध्यान दिए जाने और इसके लिए पूंजीगत खर्च को बढ़ाने की जरूरत है। राज्यों की सरकारें एवं केंद्र सरकार इस बात पर जोर दें कि देश में सरकारी स्वास्थ्य खर्च में गिरावट नहीं आए। जाहिर है कि ऐसा होने पर ही भारत 2025 तक स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को जीडीपी के 2.5 प्रतिशत तक पहुंचाने के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल कर सकता है। ऐसा होने पर भारत की सफलता से दुनिया के विकासशील देश सबक लेंगे और भारत द्वारा उठाए गए कदमों को अपने यहां लागू करेंगे। स्पष्ट है कि अगर इस तरह की कोशिशें कामयाब होती हैं तो भारत पूरी दुनिया के सामने एक उदाहरण बनकर उभरेगा।

# सेबी के नए नियमों का असर, बैंक निफ्टी समेत तीन इंडेक्स की बंद होगी वीकली एक्सपायरी



**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सिलेक्ट और निफ्टी फाइनेंसियल सर्विसेज इंडेक्स के वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट को क्रमशः 13 नवंबर, 18 नवंबर और 19 नवंबर से बंद करने का ऐलान किया गया है। एनएसई की ओर से यह फैसला इस महीने की शुरूआत में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा फ्यूचर्स और ऑप्शन (एफएंडओ) में कारोबार के लिए जारी किए गए नए नियमों का पालन करने के लिए लिया गया है। अब एनएसई के मुख्य सूचकांक निफ्टी 50 इंडेक्स के ही वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट देखने को मिलेंगे। सेबी द्वारा एफएंडओ सेगमेंट में ट्रेडिंग को लेकर जारी किए गए नियमों में कहा गया था कि 20 नवंबर से प्रति एक्सचेंज केवल एक वीकली इंडेक्स डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट की ही अनुमति होगी। इससे पहले 3 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की ओर से ऐलान किया गया था कि सेंसेक्स 50 और बैंकएक्स के वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट 14 नवंबर और 18 नवंबर से बंद हो जाएंगे। केवल सेंसेक्स का ही वीकली डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट ही ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध होगा। नए एफएंडओ नियमों के मुताबिक अब एक्सचेंजों को इंट्राडे पॉजिशन को दिन में चार बार मॉनिटर करना होगा और अगर कोई भी इंट्राडे लिमिट टूटती है तो पेनल्टी लगानी होगी। बाजार नियामक द्वारा अब इंडेक्स डेरिवेटिव में कॉन्ट्रैक्ट साइज की न्यूनतम वैल्यू को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दिया गया है। सेबी की ओर से यह कदम रिटेल निवेशकों द्वारा डेरिवेटिव सेगमेंट में लगातार किए जा रहे नुकसान की वजह से उठाया गया है। हाल ही में बाजार नियामक द्वारा एक स्टडी जारी की गई थी। इसमें बताया गया था कि बीते तीन वर्षों में एफएंडओ सेगमेंट में 1.10 करोड़ ट्रेडर्स को संयुक्त रूप से 1.81 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इसमें से केवल सात प्रतिशत ट्रेडर्स ही पैसा कमाने में सफल हुए हैं। इसके कारण बाजार से जुड़े कई लोगों ने एफएंडओ नियमों को सख्त बनाने की बात कही थी। डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट के नए नियम 20 नवंबर, 2024 से लागू हो जाएंगे।

दैनिक
करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारत की शिप रीसाइक्लिंग इंडस्ट्रीज 2028 तक 10 प्रतिशत के सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान



**मुंबई।** भारत की शिप रीसाइक्लिंग इंडस्ट्री के 2028 तक 10 प्रतिशत के चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ने के अनुमान हैं। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में बताया गया कि कैलेंडर ईयर 2023 में विघटित वैश्विक सकल टन भार (जीटी) में भारत की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत थी। इस सेक्टर में 46 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ बांग्लादेश शीर्ष पर है। शिप रीसाइक्लिंग इंडस्ट्री का आकार 2025 तक बढ़कर 3.8 - 4.2 मिलियन जीटी हो सकता है, जो कि 2024 में 2.3-2.6 मिलियन जीटी रहने का अनुमान है। भारत में अलंग (गुजरात) दुनिया की सबसे बड़ी जहाज रीसाइक्लिंग सुविधाओं में से एक है, जिसमें 140 से अधिक रीसाइक्लिंग यार्ड हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का जहाज-रीसाइक्लिंग उद्योग वैश्विक समुद्री क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शिप रीसाइक्लिंग इंडस्ट्री में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और तुर्की शीर्ष चार देश हैं, जो वैश्विक जहाज रीसाइक्लिंग मात्रा का 90 प्रतिशत से अधिक नष्ट कर देते हैं। केयरएज रेटिंग्स के असिस्टेंट डायरेक्टर सजनी शाह ने कहा कि बाल्टिक ड्राई इंडेक्स (बीडीआई) के कम होने, भारी पिघलने वाले कबाड़ की कीमतों का स्थिरीकरण और संचालन में अप्रचलित जहाजों में वृद्धि आदि दिखाते हैं कि कैलेंडर वर्ष 2025 में अधिक जहाजों की रीसाइक्लिंग हो सकती है। शाह ने आगे कहा कि वे देश जिनके पास बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन रीसाइक्लिंग सुविधा होगी, वे भविष्य में इन इंडस्ट्री में अधिक मार्केट शेयर हासिल कर पाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, आपूर्ति श्रृंखला में बाधा और महामारी के बाद स्टील की मांग में उछाल के कारण भारी पिघलने वाले कबाड़ की कीमतें भावनगर में बढ़कर अप्रैल 2022 में पीक पर 54,400 रुपये प्रति टन पर पहुंच गई थी, जो कि अगस्त 2020 में 28,800 रुपये प्रति टन थी। पीक पर पहुंचने के बाद दिसंबर 2023 में कीमतें गिरकर 39,900 रुपये प्रति टन पर पहुंच गई थी। जनवरी 2023 से कीमतें 36,000 रुपये प्रति टन से लेकर 44,000 रुपये प्रति टन के बीच स्थिर हैं।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 230 अंक फिसला



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी दिन लाल निशान में बंद हुआ है। बीएसई का सेंसेक्स कारोबार के अंत में 230.05 अंक या 0.28 प्रतिशत की गिरावट के बाद 81,381.36 पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 34.20 अंक या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के बाद 24,964.25 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 276.85 अंक या 0.47 प्रतिशत की तेजी के बाद 59,212.70 पर हरे निशान में बंद हुआ है। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 25.36 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरने के बाद 26,054.10 पर बंद हुआ। शुक्रवार के कारोबारी दिन निफ्टी के आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, एमसीजी, मेटल, मीडिया और एनर्जी सेक्टर में ज्यादा खरीदारी देखी गई। वहीं, ऑटो, फिन सर्विस, प्राइवेट बैंक सेक्टर पर दबाव रहा। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचयूएल, इंफोसिस, टाइटन कंपनी, विप्रो, सन फार्मा, एलएंडटी, एसबीआई, भारती एयरटेल, टाटा स्टील टॉप गेनर्स की लिस्ट में शामिल रहे। वहीं, टॉप लूजर्स की लिस्ट में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस शामिल रहे। बाजार का रुझान सकारात्मक था।

# भारत में डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 175 मिलियन, एनएसई पर एक्टिव ग्राहकों की संख्या 47.9 मिलियन




**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार अपने वैश्विक समकक्षों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इस बीच शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर महीने में डीमैट खातों की संख्या बढ़कर 175 मिलियन हो गई, जो कि अगस्त में 171 मिलियन थी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर सक्रिय ग्राहकों की संख्या (मासिक आधार पर) सितंबर में 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 47.9 मिलियन हो गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में नए खातों की संख्या में 4.4 मिलियन की वृद्धि हुई, जबकि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक वृद्धि 4 मिलियन रही है। वर्तमान में शीर्ष पांच डिस्काउंट ब्रोकर्स के पास एनएसई के कुल सक्रिय ग्राहकों का 64.5 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह आंकड़ा 61.9 प्रतिशत था। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) ने डीमैट खातों की कुल संख्या को लेकर बाजार हिस्सेदारी हासिल करना जारी रखा। रिपोर्ट के अनुसार, सालाना आधार पर, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) ने कुल/वृद्धिशील डीमैट खातों में 410 बीपी में से 90 बीपी बाजार हिस्सेदारी खो दी। ऑनलाइन ब्रोकरेज जेरोधा ने अपने ग्राहकों की संख्या में मासिक आधार पर 1.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो अब बढ़कर 8 मिलियन हो गई है, जबकि बाजार हिस्सेदारी में 20 आधार अंकों की गिरावट आई है और यह 16.6 प्रतिशत हो गई है। ग्रो ने अपने ग्राहकों की संख्या में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो अब बढ़कर 12.3 मिलियन हो गई है, जबकि बाजार हिस्सेदारी में 15 आधार अंकों की वृद्धि हासिल की है और यह 25.6 प्रतिशत हो गई है। एन्जल वन ने बताया कि उसके ग्राहकों की संख्या 3.1 प्रतिशत बढ़कर 7.4 मिलियन हो गई और बाजार हिस्सेदारी 10 आधार अंकों की वृद्धि के साथ 15.4 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपस्टॉक्स ने अपने ग्राहकों की संख्या में 1.5 प्रतिशत मासिक वृद्धि दर्ज की है, जो कि अब 2.8 मिलियन हो गई है, जबकि बाजार हिस्सेदारी में 5 आधार अंकों की गिरावट के साथ यह 5.9 प्रतिशत हो गई है।

## राशिफल

**मेष :** आर्थिक परेशानी आ सकती है। फालतू खर्च होगा। समय पर व्यवस्था नहीं होगी। आशा-निराशा के भाव रहेंगे।

**वृष :** यात्रा लाभप्रद रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन :** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। कोई बड़ा कार्य व लंबे प्रवास का मन बनेगा।

**कर्क :** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे।

**सिंह :** नए संबंध बनाने के पहले विचार कर लें। नौकरी में समस्याएं आ सकती हैं। कार्यभार रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**कन्या :** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शैक्षणिक व शोध कार्य मनोनुकूल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त हो सकता है।

**तुला :** भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल होगी। स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। प्रसन्नता व संतुष्टि रहेंगे।

**वृश्चिक :** पति-पत्नी में संबंध मधुर होंगे। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। रुके कार्यों में गति आएगी।

**धनु :** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। यात्रा यथासंभव टालें।

**मकर :** किसी तीर्थस्थान के दर्शन हो सकते हैं। अध्यात्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

**कुंभ :** कार्यस्?थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी किंतु तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। मित्रों व संबंधियों की सहायता कर पाएंगे।

**मीन :** यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेंगे।

## चुटकुले

सोचा था, 2 पेग मार के 10 बजे तक घर
पहुँच जाऊंगा
ये पेग और टाइम कब आपस में
बदल गए.. पता ही नहीं चला!

मालिक ने नौकर से कहा- मच्छर मार दो
नौकर आलस में था
थोड़ी देर बाद भी मच्छर गुनगुना रहे थे
मालिक ने फिर नौकर से कहा- मच्छर मारे नहीं
क्या?
नौकर ने मालिक से कहा- मच्छर तो मार दिये
ये तो उनकी विधवा पत्नियों के रोने की आवाज है!

एक शराबी शराब पीके एक अर्थी
से टकरा गया बॉडी गिर गई
लोग शराबी को पीटने लगे..
शराबी :- अबे जो गिरा वो कुछ तो बोल नहीं रहा तुम
काहे नेता बन रहे हो!

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंतरिक्ष स्टेशन में सोना काफी चुनौती भरा होता है। अंतरिक्ष यात्री को सोने के लिए काफी मेहनत करनी होती है। उन्हें आंखों पर पट्टी बांध कर एक बंकर में सोना होता है ताकि वह तैरने और इधर-उधर टकराने से बच सके।
- 20 जुलाई, 1969 को अमेरिका के अपोलो 11 मिशन के जरिए चांद पर पहली बार इंसान के कदम पड़े थे। नील आर्मस्ट्रांग ने चांद पर कदम रखते हुए कहा एक छोटा-सा कदम, लेकिन मानवता के लिए एक लंबी छलांग।
- सर आइजैक न्यूटन के सेब के पेड़ का एक नमूना 'गुरुत्वाकर्षण अवहेलना करना' के लिए अंतरिक्ष में भेजा गया था।
- साल 1 9 77 में, हमें 72 सेकंड तक गहरे अंतरिक्ष से एक संकेत मिला। हम अभी भी नहीं जानते हैं कि यह कैसे और कहाँ से आया था।
- पृथ्वी से आसमान नीला दिखाई देता है, लेकिन अंतरिक्ष यात्रियों को यह काला दिखाई देता हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्री लगभग 15 सूर्योदय और 15 सूर्यास्त को हर रोज देखते हैं।



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग

















## आने वाला समय है लोकदल का : प्रबुद्ध कुमार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकदल के राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने कहा कि आने वाला समय राष्ट्रीय लोकदल का है और आज प्रत्येक समाज राष्ट्रीय लोकदल कि ओर देख रहा है। आने वाले समय में ओर भी लोग पार्टी की सदस्यता लेने का काम करेंगे। हमारे नेता चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करने का काम किया जा रहा है और दिन प्रति दिन राष्ट्रीय लोकदल मजबूत हो रही है। मुख्य रूप से आबिद इशाक एडवोकेट प्रदेश महासचिव कांग्रेस, मोहम्मद वासिल जिला अध्यक्ष युवा सेवादल कांग्रेस, तोहीद त्यागी पूर्व प्रदेश सचिव सेवादल कांग्रेस, डॉ. नासिर पूर्व सभासद किठोर, हाजी जाकिर पूर्व सभासद किठोर, मोहम्मद जावेद पूर्व जिला सचिव कांग्रेस, साजिद अली सपा नेता, हाफि ज आसिफ, आसक अली अल्वी सपा नेता, शाह आलम, इरफान खान सरधना सपा नेता, खालिद ईसाक, आबिद हुसैन, हामिद कुरैशी बसपा, आरिफ, मोहम्मद मोफीद, इंजीनियर वसीम शाह, चाँद अहमद, नासिर अली, फरमान अली, अब्दुल कादिर, इमरान, हनीफ चौधरी, हसीन अहमद इकला सपा, अंकित शर्मा कांग्रेस, मोहित धामा, शेखर राजवंशी, अंकुर बालियान, नितिन राणा, गौरव यादव, विनय त्यागी, मुकुल चपराना, ललित मावी, फि रोज चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी युवजन सभा, शौकीन चौधरी, सागर चौधरी, आदिल प्रधान, राशिद चौधरी, मोनू चौधरी, अब्दुल रहमान प्रधान, राजेंद्र प्रधान, हसन चौधरी, महकार चौधरी, बिलाल चौधरी, तय्यब चौधरी ने आज राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ली।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, राष्ट्रीय सचिव (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) प्रतीक जैन, जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़, नरेन्द्र खजूरी सदस्य अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग, ओडी त्यागी प्रदेश महासचिव, अमित त्यागी, विनय प्रधान, सोहराब ग्यास, जाकिर चौधरी ढबारसी, जिला अध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) डॉ. इकबाल मालिक, जिला अध्यक्ष सुभाष जाटव, अशोक चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कौशांबी कल्चरल दुर्गा पूजा में पहुंचे पार्षद कुसुम गोयल




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी कल्चरल सोसायटी द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा समारोह में क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल पूर्व पार्षद भाजपा नेता डॉ मनोज गोयल का स्वागत समिति के महामंत्री देव कुमार घटक के द्वारा किया गया। पार्षद द्वारा सभी को दुर्गा पूजा और दशहरा की बधाई दी गई सभी लोग खुशहाल रहे हैं। स्वस्थ रहें ऐसी मां दुर्गा से प्रार्थना की गई बच्चों द्वारा नृत्य नाटिका का मंचन किया गया गया।

मनोज गोयल कहा कि पूजा पंडाल में मां दुर्गा के सभी रूपों को जगह मिली है, पंडाल में स्वच्छता, व्यवस्था को देखकर वे प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बहुत सुंदर-पंडालों का निर्माण किया गया है।

इस अवसर समिति के अध्यक्ष सुब्रतो चौधरी, उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता, महामंत्री डॉक्टर अनिंदो चक्रधर, उपाध्यक्ष डॉक्टर चिन्मय गौतम, नाग अभिजीत सहा उपसचिव एस एस हरी, तुषार भट्टाचार्य, इंदिरानील सेन, कोषाध्यक्ष विश्वजीत बनर्जी, डॉ मधु चंदा, सोमनाथ रजक, भाजपा नेता अवधेश कटियार, राजेंद्र गोयल, गौरव वर्मा, पवन गुप्ता, श्याम, एके महेश्वरी आदि लोग मौजूद रहे।

## हापुड़ में गोलीकांड का खुलासा : वादी ने खुद ही शूटर से चलवाई थी गोली, दरोगा के साथ मिलकर रचा था षड्यंत्र

**हापुड़ करंट क्राइम।** नगर कोतवाली क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर हुए गोलीकांड का पुलिस ने कुछ ही घंटो में खुलासा कर दिया है और पुलिस ने एक शूटर समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी घायल ने ही इस घटना को दरोगा के साथ मिलकर षड्यंत्र को रचा था। वहीं एसपी ने चौकी प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया डिब्रुगढ़ असम निवासी दीपचंद अग्रवाल ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें बताया कि 9 अक्तूबर की रात को करीब सवा दस बजे वह दिल्ली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह हाईवे-9 पर नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक होटल के पास लघुशंका के लिए रुका। तभी बाइक सवार दो लोगों ने उस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिससे गोली उसकी बाजू में लगी। उसने बताया कि कुमुद वैध और उनका लड़का सत्यम वैध से काफी समय से जमीन का विवाद चला आ रहा है। यह लोग उसे एक, दो बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। यह गोली उन लोगों द्वारा ही चलवाई है।



### पुलिस कर्मियों पर हुई कार्रवाई

पुलिस ने इस मामले में घायल दीपचंद अग्रवाल, उसके साथ असम निवासी धनराम और शूटर आसिफ को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी ने बताया कि शूटर से गोली लगवाने का करीब डेढ़ लाख में सौदा तय किया था। वहीं एसपी ज्ञानंजय सिंह ने इस मामले की जानकारी मिलने पर टीपी नगर चौकी प्रभारी नितिन वर्मा और अन्य एक सिपाही को निलंबित कर दिया।

### जांच में हुआ खुलासा

घायल ने मुकदमे में सत्यम वैध और सत्यम की मां कुमुद वैध निवासी मसूरी रोड देहरादून (उत्तराखंड) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। पुलिस ने घायल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। एएसपी ने बताया कि जब मामले की गहनता से जांच की गई, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पुलिस को पता चला कि घायल ने चौकी प्रभारी से मिलकर गोलीकांड की षड्यंत्र रचा था और बिजनौर के शूटर आसिफ से गोली लगवाने का सौदा तय किया था। 9 अक्टूबर को गोलीकांड को अंजाम दिया गया था।




## जल्द बदलेंगे कईयों के नक्षत्र

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में नवरात्र के बाद कुछ टू और थ्री-स्टार के प्लेस बदलें जाएंगे। इसके साथ कई पुलिसकर्मियों के लिए कृपा वाले नक्षत्र बनेंगे, सूत्र ऐसी जानकारी दें रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिटी और ट्रांस हिंडन जोन के लिए कुछ नए आदेश भी बाहर निकाल कर आएंगे। इसके साथ ही देहात जोन में दो थाने के प्रभारियों के लिए रेड कार्ड जारी किए जा सकते हैं। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि एक एसीपी स्तर के फेस को रिप्लेस किया जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 15 अक्टूबर के बाद नक्षत्र बदलने की जानकारी मिल रही है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने बताया है कि बीते कुछ दिनों से अभी मामला टाइट है, क्योंकि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट देहात जोन में एक हाई लेवल फाइट चल रही है। जिसका नतीजा पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन के साथ-साथ प्रदेश के कई शहरों में देखने को मिल रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन में कई चौकी के प्रभारी रडार पर आएंगे। तो उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि



कमिश्नरेट के एक सर्किल को लेकर भी बड़ी खबर मिल सकती है। वहीं सिटी और नदियापार सर्किल से जुड़ सकता है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि साइड लाइन वाली एक महिला पुलिस अधिकारी पर भी कुछ बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। इन सबके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि 15 तारीख के बाद जिन लोगों को कमिश्नरेट से बाहर जाना है, उनके रास्ते की अड़चन दूर होती है या अभी उनको कमिश्नरेट में ही रहना पड़ेगा, यह भी देखा जाना शेष है। कुल मिलाकर देखना होगा की मौसम वाले परिवर्तन का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर कितना असर दिखता है, वैसे अब रात वाली हवा में ठंडा आने लगी है लेकिन दिन की गर्मी अभी बरकरार है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आगामी दिनों में देखना होगा, आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का टेंपरेचर कैसा रहता है और नक्षत्र का असर किस-किस जोन पर पड़ता है। वैसे सूत्र बता रहे है कि नक्षत्र वाला प्रभाव निचले स्तर पर ही रहेगा। वहीं कुछ शिकायतियों पर कार्रवाई वाला करंट भी लग सकता है। देखना होगा कि 15 के बाद का सीन क्या रहेगा।

## देश ने अपने सच्चे सपूत रतन टाटा को खो दिया: श्रीमहंत नारायण गिरी

### देश के लिए किए गए उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर, श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाईटेड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि देश ने अपने सच्चे सपूत रतन टाटा को खो दिया। उनका निधन ऐसी क्षति है, जिसकी पूर्ति कर पाना संभव नहीं है। उनके निधन से हर देशवासी दुखी है और उन्हें ऐसा लग रहा कि जैसे उन्होंने परिवार का ही कोई सदस्य खो दिया हो। रतन टाटा देश के ऐसे सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन जरूरतमंदों के लिए समर्पित कर दिया।





देश के विकास में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। वर्ष 1999 में जमशेदपुर टाटानगर में उनसे मुलाकात हुई तो ऐसा लगा ही नहीं कि वे विश्व के सबसे बड़े उद्योगपति हैं। उनसे मिलकर ऐसा कि किसी साधु-संत से मिल रहे हैं। जमशेदपुर टाटानगर में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े का हाथी-घोड़ा नाम से प्राचीन मंदिर है जो टाटा कंपनी की जमीन में आ रहा था और कंपनी की ओर से वहां पर नया रास्ता भी बनाया जा रहा था। रतन टाटा से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कंपनी के इंजीनियरों को कहा कि वे जो कुछ भी हैं वो भगवान की कृपा से ही हैं। भगवान सबके होते हैं। उन्होंने मंदिर के लिए जमीन तो छोड़ी ही रास्ता भी दूसरी जगह से निकलवाया। वे सच्चे अर्थ में देश के विकास पुरुष व सच्चे संत थे। देश उनका हमेशा ऋणी रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक उनसे बहुत प्रभावित थे। भगवान से यही प्रार्थना है कि वे देश के सच्चे सपूत रतन टाटा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

### भंडारा




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सिद्धार्थ विहार प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी में हर नवरात्रि आने पर नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। माता रानी के 9 दिनों तक भजन कीर्तन आयोजित किए जाते हैं और नवरात्रि की नवमी तिथि पर सोसाइटी में भंडारे का आयोजन किया जाता है। शुक्रवार को आयोजित भण्डारे में समिति के सदस्यों के साथ-साथ शहर के गणमान्य लोगों ने भी प्रसाद वितरण कर माता रानी से सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

## इंदिरापुरम विस्तार में विकास कार्य पर खर्च होंगे पांच करोड़

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** इंदिरापुरम विस्तार योजना के विकास के लिए जीडीए पांच करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके लिए एस्टिमेट तैयार कर लिया गया है। जल्द ही टेंडर निकाले जाएंगे।

30 हजार वर्ग मीटर में फैली इस योजना में 47 आवासीय और तीन व्यावसायिक भूखंड काटे गए हैं। कनावनी के पास स्थित योजना को विकसित करने के लिए सड़क, नाली, सीवर, पेयजल लाइन, पार्क, वर्टिकल गार्डन 10 फुट, 10 फुट चहारदीवारी व सुंदरीकरण के काम पर बजट खर्च किया जाएगा। विकास कार्य को पूरा करने के लिए समय सीमा तय कर दी गई है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि 20 आवासीय और दो व्यावसायिक प्लॉटों को 24 और 25 अक्तूबर को लगने वाले नीलामी शिविर में रखा जाएगा। योजना में भूखंड के लिए लोग जीडीए में संपर्क कर रहे हैं। एक साल की समय सीमा तय की गई है। दीपावली बाद विकास कार्य शुरू हो जाएंगे। नीलामी में भूखंड लेने वालों को मौके पर जाकर कब्जा दिया जाएगा।

### जीडीए की विभिन्न योजनाओं में होगा ड्रोन सर्वे

गाजियाबाद। जीडीए की विभिन्न योजनाओं में ड्रोन सर्वे कराया जाएगा। पहले चरण में ट्रांस हिंडन क्षेत्र में सर्वे अगले हफ्ते शुरू होगा। ट्रांस हिंडन में इंदिरापुरम, कौशांबी, प्रताप विहार समेत अन्य कई आवासीय और व्यावसायिक योजनाएं हैं जहां जीडीए की जमीनों पर अवैध कब्जे हो रखे हैं। सर्वे के बाद जमीन का ऑनलाइन डाटा तैयार कर सिस्टम में फीड किया जाएगा। अगले हफ्ते सर्वे शुरू हो जाएगा। जीडीए के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि कौशांबी और इंदिरापुरम में किस जमीन पर क्या निर्माण हुआ है, लेआउट क्या है, कितनी जमीन पर अतिक्रमण है, कितनी जमीन खाली है। ड्रोन सर्वे से साफ हो जाएगा।

## एचआरआईटी विश्वविद्यालय में गरबा उत्सव का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय में गरबा उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें छात्रों ने गरबा गानों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया। इस आयोजन का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल, मैनेजिंग डाइरेक्टर डॉ. वैशाली अग्रवाल, वाइस चांसलर डॉ. डी. के. शर्मा और प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एन. के. शर्मा द्वारा किया गया।




कार्यक्रम के आयोजक के रूप में रंजना शर्मा ने डॉ. वैशाली अग्रवाल, डॉ. पूजा अरोड़ा, डॉ. शबनम जैदी, डॉ. अलका बंसल, डॉ. निर्दोष अग्रवाल, डॉ. अनिल त्यागी, डॉ. रितु, डॉ. वीरेंद्र और डॉ. नवनीत शर्मा के साथ मिलकर गरबा की शुरुआत 'सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरा वाली' गीत से की। गुजराती और हिंदी गरबा गीतों की धुनों पर छात्रों ने जोश और उमंग से नृत्य किया।

इस सफल आयोजन के लिए विशेष धन्यवाद डॉ. एम. के. जैन, डॉ. नवीन शर्मा, श्री गौरव शर्मा, डॉ. पी. एस. कौशिक, अनिल यादव, विकास और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल भूषण को, जिनकी सहायता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## कन्याएं मां शक्ति का रूप हैं



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** साध्वी महंत कैलाश गिरी महाराज ने शुक्रवार को मां भगवती के नवरात्रि संपूर्ण होने के पश्चात कन्या पूजन किया। छोटी-छोटी कन्याओं के चरण धुलाए, रोली का तिलक लगाया, कलवा बांधा, पचरंगी चुनरिया ओढ़ाई, हलवा छोले का भोग लगाया। फल प्रसाद देकर कन्याओं से आशीर्वाद लिया। कन्याएं कम थीं लांगुरिया ज्यादा थे। सभी कन्याओं ने और लांगुरिया ने माता के जयकारे लगाए। साध्वी महंत कैलाश गिरी महाराज ने सभी भक्तों को संदेश देते हुए कहा भ्रूण हत्या मत करो, भ्रूण हत्या को रोको, कन्याएं मां शक्ति का रूप है, जगत जननी का अवतार हैं। कन्या पूजन और गौ माता का पूजन धरती पर बहुत जरूरी है। भ्रूण हत्या और गौ हत्या दोनों ही हत्याओं को रोकना होगा, तभी धरती पर धर्म बचेगा। इसी के साथ साध्वी महंत कैलाश किरी महाराज ने सभी को मां दुर्गा अष्टमी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं।

# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# कवि नगर रामलीला के मंच पर गणमान्यों का हुआ स्वागत

## रावण कुम्भकरण एवं मेघनाद के पुतले लगाये गये

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 के अन्तर्गत आयोजन के 13वें दिन सम्पूर्ण रामायण का मंचन देखने रामभक्तों का अपार जनसमूह रामलीला मैदान, कविनगर में पहुंचा। इंडियन रिवाईवल ग्रुप द्वारा सम्पूर्ण रामायाण का मनोरम मंचन जिसमें रामजन्म से लेकर रावण वध तक की लीला से सभी का मन मोह रही है। गाजियाबाद ही नहीं अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं अन्य निकटवर्ती स्थानों से भारी संख्या में लोग रामलीला मंचन देखने पहुंच रहे हैं। समिति द्वारा रामलीला मंचन देखने की निःशुल्क व्यवस्था की गयी है।





### आकर्षण का केंद्र बनी रामचरित मानस प्रदर्शनी

**करंट क्राइम।** समिति द्वारा लगायी गयी रामचरित मानस प्रदर्शनी सभी के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है जिसमें 52 विभिन्न भाषाओं में देशी एवं विदेशी रामायण संकलित की गयी हैं। मंचन प्रारम्भ होने से पूर्व समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला परिसर में नगरवासियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कुंज कैटरर्स की व्रत की थाली, चाट, फत्ते की कचौड़ी, अग्रवाल कैटरर्स की मारवाड़ी थाली का स्वाद सभी को आकर्षित कर रहा है।

### गणमान्य लोग उपस्थित रहे

**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथियों में एन०एच०ए०आई० के चेयरमैन संतोष यादव, विधायक अजीत पाल त्यागी, एम०एल०सी० दिनेश गोयल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कुमार कश्यप, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सतेन्द्र शिशौदिया आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, गौरव चोपड़ा, विवेक मित्तल, तरुण चौटानी, नवेन्दु सक्सेना, बलदेव राज शर्मा, सुरेश महाजन, विजय ढींगरा, ऋषि माकड़, संजय मित्तल आदि उपस्थित रहे।



# प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला में लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध का किया मंचन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति वसुंधरा द्वारा चल रही रामलीला में आज 12वां दिन के मंचन में अंगद रावण संवाद और लक्ष्मण शक्ति का मंचन हुआ । रामायण एक ऐसा ग्रंथ है जहां मयार्दा, स्नेह और संस्कारों का हर कदम पर उदाहरण मिलता है। लेकिन कई ऐसे भी प्रसंग हुए हैं जिनका रहस्य एक बार में समझ पाना मुश्किल सा लगता है। एक ऐसा ही प्रसंग आता है जब श्रीराम लंका पहुंच जाते हैं, और दूत के रूप में बालि पुत्र युवराज अंगद को लंकाधिपति रावण के पास भेजते हैं। हनुमान के होते हुए उन्होंने यह नर्णिय दूत अंगद ने ऐसा क्या किया कि न केवल लंकेश ने उनके पैर पकड़े बल्कि उनका पूरा दरबार सहम सा गया। यह सलाह सभी को अच्छी लगी। इससे यह भी संदेश जा रहा था कि राम की सेना में अकेले हनुमान ही नहीं बल्कि सभी एक से बढ़कर एक वीर हैं। इसके बाद अंगद कुमार लंका पहुंचे प्रवेश द्वार पर ही अंगद की भेंट लंकापति रावण के पुत्र से हुई। दोनों के बीच बातों ही बातों में झगड़ा बढ़ गया। रावण के पुत्र ने अंगद को मारने के लिए अपना पैर उठाया तो अंगद ने वही पैर पकड़कर उन्हें जमीन पर पटक दिया। इससे उसकी मृत्यु हो जाती है। रावण के पुत्र का मृत शरीर देखकर सभी सहम जाते हैं। इसके बाद अंगद के बिना पूछे ही सभी उनको लंकापति के महल का रास्ता बता देते हैं। अंगद ने राक्षस से अपने आने का संदेश भिजवाया। इसपर हंसते हुए रावण ने कहा कि बुला लाओ बंदर को। देखें कहां का बंदर है। तब अंगद जी प्रवेश करते हैं और रावण पूछता है कि अरे बंदर तू कौन है? इसपर अंगद जी श्रीराम जी के दूत होने का परिचय देते हैं। वह रावण को कई तरह से समझाते हैं कि वह श्रीराम की शरण में चलें। वह उनके सारे अपराधों को माफ कर देंगे। यदि अपनी भूल स्वीकार कर लो और श्रीराम की शरण तब रावण का पुत्र इंद्रजीत भी अंगद के पैर को पकड़ता है लेकिन उसका प्रयास भी विफल रहता है। यह देखकर दरबार के सभी लोग सहम जाते हैं। जब पूरी सभा के लोग हार मानकर बैठ जाते हैं तो रावण स्वयं अंगद के पैर पकड़ने के लिए जाता है। लेकिन उनके पहुंचते ही अंगद कुमार अपना पैर हटाकर कहते हैं कि तुम मेरे पांव क्यों पकड़ते हो। पकड़ना ही है तो तीनों लोकों के स्वामी श्रीराम के पैर पकड़ो। वह शरणागतवत्सल हैं। तुम उनकी शरण में जाओगे तो तुम्हारे प्राण अवश्य बच जाएंगे। अन्यथा युद्ध में बंधु-बांधवों समेत





तुम्हारी मृत्यु भी तय है। मंचन हुआ जिसमें रावण के दूतों ने जानकारी दी कि वानर सेना लंका के द्वार पर आ गई है। तब रावण ने अपने पुत्र मेघनाद से अपनी सेना के साथ वानर सेना पर आक्रमण करने का आदेश दिया। राक्षस सेना को आया देख रामादल में हलचल मच गई। मेघनाद वानरों को मारते हुए आगे बढ़ रहा था। यह देख राम का आदेश पाकर लक्ष्मण युद्ध करने पहुंचे। मेघनाद और लक्ष्मण में भीषण युद्ध हुआ। जिसमे मेघनाद के सारे अस्त्र असफल हो गए तो उसने अमोघ शक्ति लक्ष्मण के ऊपर छोड़ दी। शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़े। यह देख हनुमान जी लक्ष्मण को लेकर रामादल में पहुंचे। लक्ष्मण को मूर्छित देख भगवान राम विलाप करने लगे। तब विभीषण ने उन्हें बताया कि मेघनाथ ने शक्तिबाण का प्रयोग किया है। इसका उपचार लंका में रहने वाले सुषैन वैद्य ही कर सकते हैं। हनुमान जी सुषैन वैद्य की सलाह पर द्रोण पर्वत से संजीवनी बूटी लेकर आए और लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई। इस मंचन को देखने वालों में प्रमुख रूप से रामलीला समिति के चेयरमैन पंडित नरेंद्र भारद्वाज, महेश भारद्वाज ,सुशील उपाध्याय ,सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, बिना सेंगर, इंद्रपाल प्रधान, नितिन यादव, गिरीश शर्मा, अमित किशोर, ऐम बी कौशिक, अमित भारद्वाज, अश्वनी कौशिक, सुमित भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

## नवरात्रि भंडारा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने किया महानवमी के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन। इस अवसर पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के के शर्मा, बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, अजय सिंघल, विवेक त्यागी, ललित जायसवाल, मनोज गुप्ता, प्रदीप चौधरी, सौरव यादव, फिल्म कलाकार मनोज शर्मा, डा ओपी अग्रवाल, रितेश शर्मा, राकेश गुप्ता, विपुल अग्रवाल, आशु पंडित, दिनेश शर्मा, एसके चौधरी, निशा चौहान, मनोज गुप्ता, राजीव अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, एसपी वर्मा, प्रतीक माथुर, आलोक शर्मा, अभिषेक गर्ग, राज किशोर गुप्ता, अरविंद तेवतिया, अशोक गोयल, देवेंद्र हितकारी, गर्ग मोहन सिंह रावत, अशोक चांदीवाल , विक्रांत चौधरी, गौरव सैनी, मंगल सिंह, भाजपा युवा जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, श्याम शर्मा , तपेंद्र , राहुल त्यागी, राहुल शर्मा, मनीष, नीता भार्गव, ज्योति तोमर, राजू छाबड़ा, कपिल शर्मा, जेपी यादव आदि उपस्थित रहे।

# मां वैष्णो धाम सपनावत में संपन्न हुई भव्य माता की चौकी

## 'समरकूल के चेयरमैन संजीव गुप्ता प्रत्येक वर्ष कराते हैं भव्य आयोजन'



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सपनावत स्थित मां वैष्णो धाम मंदिर में गुरुवार को माता की चौकी का आयोजन किया गया। बुलंदशहर की विनीत एण्ड लोकेश पार्टी के भजनों पर सैकड़ों भक्तजन जमकर झूमे। हापुड़ जिले के सपनावत में रोड पर स्थित मंदिर में पूरे नवरात्रों में विशाल मेले का आयोजन रहा है तथा सप्तमी को मंदिर में माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता और राजीव गुप्ता ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मंदिर की स्थापना समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के स्वर्गीय पिता एवं माताजी के द्वारा की गई थी। माता की चौकी में रश्मि गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, सुरभि गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, रोहित गुप्ता, भानु शिशोदिया, प्रदीप गुप्ता, विकास गुप्ता,प्रिंस गुप्ता, पंकज नौटियाल आदि अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

# रेलवे रोड आदर्श रामलीला में लंका दहन का हुआ मंचन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** आदर्श रामलीला कमेटी रेलवे रोड साहिबाबाद में लंका दहन, मंचन का उद्घाटन समाज सेवी इंजी धीरेन्द्र यादव ने प्रभु राम, लक्षमण की आरती कर किया। इंजी धीरेन्द्र यादव ने कहा कि आप सभी के सहयोग से हर वर्ष आदर्श रामलीला कमेटी के लोग यहाँ भगवान राम के उदात्त गुणों का गुणगान करते है, तथा अन्याय, अनाचार, असत्य मार्ग गामी असुरों के कृत्य की निंदा करते है। आज लंका दहन अहंकारी रावण और उसके पुत्रों द्वारा राम के दूत के साथ अनुचित व्यवहार के कारण हुआ, हमें भी समाज और देश में इर्ष्या, द्वेष, अहंकार, अन्याय, अत्याचार को न पनपने की सीख लेकर यहाँ से जाना चाहिए, तभी हमारा रामलीला मंचन देखना सार्थक होगा, प्रेम, भक्ति और सहयोग से ही हम समरस समाज बना



सकते है। उन्होंने रामलीला कमेटी के सभी भाइयों का भी अभिनन्दन किया कि आप ने हमें यहाँ बुलाकर मेरा सम्मान बढाया, हम आप सभी का आभार व्यक्त करते है इस अवसर पर प्रधान दीनानाथ यादव, अवधेश यादव, अजय गुप्ता, अंकुर यादव एडवोकेट, गोल्डी, श्याम सिंह, गौरव मित्तल, विनय कुमार गुप्ता, वीरेन्द्र, सुरेन्द्र यादव, उपेन्द्र गुप्ता, गुड्डू यादव, किशन पाल, राजेश यादव, संजीव कोहली, नितिन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों के उत्पीड़न पर अतुल जैन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के व्यापारिक समुदाय में हाल ही में एक बड़ा विवाद सामने आया है, जिसमें राज्य कर विभाग के सचल दल के कुछ अधिकारियों द्वारा व्यापारियों को उत्पीड़न का शिकार बनाया जा रहा है।4 अक्टूबर 2024 को, गाजियाबाद के एक लोहा व्यापारी अक्षय जैन ने असिस्टेंट कमिश्नर सचल दल यूनिट 7 के अंतरिक्ष श्रीवास्तव और दुर्गेश त्रिपाठी द्वारा किए गए दबाव, दुर्व्यवहार, असम्मान और उकसावे के चलते वस्त्र उतार कर शांतिपूर्ण धरना दिया था।

व्यापारी ने अहिंसावादी तरीके से अपनी पीड़ा जाहिर की । जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मामूली पैनल्टी लगाकर मामला समाप्त कर दिया गया। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ अतुल कुमार जैन भी साथ थे और उन्होंने भी अधिकारियों को समझाने का काफी विनम्रता से बहुत प्रयास किया था। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन ने इस मुद्दे पर राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र में मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए डॉ. जैन ने कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था में अत्याधिक सुधार हुआ है, जिससे जनपद गाजियाबाद समेत अन्य जिलों में व्यापारियों और उद्यमियों के बीच भयमुक्त वातावरण बना है। यह सकारात्मक माहौल व्यापार बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहा है।



डॉ. जैन ने यह भी उल्लेख किया कि जिस प्रकार से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उद्यमियों और व्यापारियों को सम्मान देने और उन्हें भयमुक्त वातावरण प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं, जबकि उनकी मंशा के विपरीत, राज्य कर विभाग के कुछ सचल दल के अधिकारी व्यापारियों और उद्यमियों का असम्मान कर रहे हैं और उत्पीड़न का शिकार बना रहे हैं। इन अधिकारियों की गतिविधियों से व्यापारियों और उद्यमियों का मनोबल गिर रहा है, जो कि चिंता का विषय है।

व्यापारियों का कहना है कि कई बार सचल दल के अधिकारी छोटी-छोटी तकनीकी या लिपिकीय गलतियों के नाम पर व्यापारियों से जबरन पेनल्टी वसूलते हैं, जबकि टैक्स चोरी का कोई सबूत नहीं होता। कई मामलों में, गाड़ियों को चैक पोस्ट पर कई दिनों तक रोका जाता है, जिससे व्यापार में बाधा उत्पन्न होती है और प्रदेश की आर्थिक प्रगति प्रभावित होती है।

डॉ. अतुल कुमार जैन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि वे इन उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों पर संज्ञान लें और गहन जांच कराने के साथ-साथ आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने बताया कि व्यापारियों के बढ़ते तनाव और उत्पीड़न के कारण उनका मनोबल कमजोर हो रहा है, जबकि सरकार की मंशा व्यापारियों का सम्मान बढ़ाने और उनके हितों की रक्षा करने की है।

# समाधान अभियान ने किया चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान अभियान और इंडिया पेस्टीसाइड लिमिटेड कंपनी के चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को नवरात्रि के पावन अवसर पर साहिबाबाद थाने पर स्थित बाल मित्र केंद्र पर बच्चों की सुरक्षा के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को नवरात्रि के महत्त्व और बाल सुरक्षा से अवगत कराया गया । कार्यक्रम में अशोक पाल सब इंस्पेक्टर साइबर सेल साहिबाबाद थाना मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को साइबर क्राइम से स्वयं को और परिवार को सुरक्षित रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण जानकारी दी। समाधान अभियान संस्था की संस्थापक अर्चना अग्निहोत्री द्वारा छात्रों को सुरक्षित रहने के नियमों, बाल यौन उत्पीड़न से कैसे खुद को बचाएं और बच्चों को स्वयं की रक्षा के तरीके बताए। इसके अलावा बाल मित्र केंद्र की कार्यप्रणाली से भी परिचित कराया और बच्चों का नवरात्रि पूजन किया गया। थाने पर उपस्थित सभी पुलिस स्टाफ में प्रसाद वितरण किया गया।

# कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला अध्यक्ष विनीत त्यागी के नेतृत्व में शुक्रवार को लगभग 43 लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन की। जिला महासचिव दीपांशु त्यागी ने कहा कि विनीत त्यागी के जिला अध्यक्ष बनने से समाज के साथ पूरे गाजियाबाद के युवाओं में एक बड़ा जोश आ गया है। दीपांशु की टीम के साथ लगभग 48 ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठों व युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा। तलहैटा तोड़ी भरजन मुरादाबाद फलोता मोदीनगर शहर के लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन की है। विनीत त्यागी ने कहा कि कांग्रेस से युवाओं को जोड़ने का कार्यक्रम बहुत तेजी से चल रहा है और आगामी 1 साल में हम युवाओं की बहुत बड़ी टीम कांग्रेस पार्टी की झंडे तले गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में बनाकर खड़ी कर देंगे। नई जॉइनिंग करने वालों में मोहित त्यागी, निशान टी, अमित त्यागी, अरुण कुमार, आनंद चतुर्वेदी, प्रशांत त्यागी, पुष्पेंद्र कुमार, अनिल वर्मा, रामवीर शर्मा, गौरव, आशीष कुमार, प्रशांत बीडीसी, अंकुश गर्ग, गौरव प्रधान, प्रदीप बसोया, नितिन, नगर मंगल मिश्रा, पंकज बैसला, गुड्डू प्रधान, अंकुर गुर्जर, आदित्य गुर्जर, अश्विनी बैसला, गोलू, नगर टिंकू, नगर शशांक, भूषण, रवि कुमार, अंशु त्यागी, राम भूल सिंह आदि सम्मानित लोगों ने कांग्रेस ज्वाइन की। कार्यक्रम में मौजूद पीसीसी सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा ,अरविंद, सुमित यादव, नरेंद्र शर्मा मौजूद रहे।



# श्री रामलीला कमेटी में अंगद-रावण संवाद की लीला का मंचन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला कमेटी गोल पार्क राजेंद्र नगर में शुक्रवार को बृज चंद रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडली द्वारा अंगद रावण संवाद एवं लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन बड़े ही सुंदर रूप में व्यास पवन कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में दिखाई जा रही है। गिरधारी लाल सोनू चतुर्वेदी, गणेश चतुर्वेदी, अनिरुद्ध, भोलेनाथ, बैकुंठ, दिलीप, माधव, अनुज चतुर्वेदी, महिला कलाकार रिंकी, मनीषा एवं आरती आदि कलाकारों द्वारा सुंदर ढंग से लीला का मंचन किया गया।

मुख्य अतिथि मानसिंह गोस्वामी एवं पूर्व पार्षद करेड़ा बिजेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र नगर से पार्षद मदन राय, रामलीला कमेटी के मुख्य संयोजक एसपी सिंह, संरक्षक कुसुम सिंह पूर्व पार्षद, मुख्य संरक्षक सत्येंद्र सिंह परिहार, अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री रामजी झा, उपाध्यक्ष राकेश सूद, धर्मेंद्र दुबे, तिलकराम पांडे, रविंद्र कोहली, कमलेश यादव, राजकुमार गुप्ता, अमन ठाकुर, सुरेंद्र भारती,



नादिर अली, चंदन झा, के के दुबे जी, भूपेंद्र मेहता, विपुल जैन, दिलीप गुप्ता, अनीता झा, शोभा दुबे, संध्या सिंह, सतीश सिंह, अजय सिंह, अजय कुमार, सोनू मिश्रा, वीरेंद्र सिंह कन्हैया आदि लोगों की उपस्थिति में सुंदर ढंग से रामलीला का मंचन किया गया।। मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने बताया की रामलीला में अपार जनसमूह आ रहा है लोग मेले का भरपूर आनंद उठा रहे हैं और लीला का आनंद ले रहे हैं। मेले में तरह-तरह के झूले एवं चटपटे स्वाद के अनेक प्रकार के स्टॉल भी लगे हुए हैं। लोग मेले का भरपूर सपरिवार आनंद ले रहे हैं। सुंदर रामलीला के मंचन के लिए कमेटी वालों का भी लोग बधाई देकर उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरु का स्थान भारतीय संस्कृति में गोविंद से ऊंचा माना गया है। इस को ही भाजपा के युवा नेता नितिन जय मावी ने आत्मसात किया है। अपने परम पूज्य गुरुदेव स्वामी विवेकानंद जी महाराज के जन्मदिवस पर नितिन जय मावी ने अपने दिल की भावनाओ को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग



# मां सिद्धिदात्री पूजन के साथ दैनिक करंट क्राइम नवरात्र भंडारे में बरसा आस्था का रंग

